U.S. Small Business Administration

# टार्गेटेड और सप्लीमेंटल एडवांस अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

**अपडेट की तिथि 27 अप्रैल, 2021**

## टार्गेटेड EIDL एडवांस और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस FAQ

### आवेदन प्रक्रिया

1. **क्या मैं आवेदन कर सकता/सकती हूँ?**

   आवेदकों को तब तक प्रतीक्षा करनी चाहिए जब तक उन्हें टार्गेटेड EIDL एडवांस और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस दोनों के लिए आवेदन करने का निमंत्रण SBI की ओर से ईमेल द्वारा न मिले।

   *[ध्यान दें: COVID-19* के चलते नुकसान वाले *व्यवसाय* अभी भी ***आर्थिक क्षति आपदा ऋण* (EIDL)** के लिए आवेदन कर सकते हैं, अगर उन्होंने ऐसा पहले से नहीं किया है। ऋण कार्यक्रम *के बारे में अधिक जानकारी* www.sba.gov/coronavirusrelief पर देखी जा सकती है।]

2. **टार्गेटेड EIDL एडवांस और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के बीच क्या अंतर है?**
   - **टार्गेटेड EIDL एडवांस:** अत्यंत-प्रभावित छोटे व्यवसायों, गैर-लाभार्थी संस्थाओं और वेन्यूज़ की आर्थिक सहायता अधिनियम (आर्थिक सहायता अधिनियम) यह प्रदान करता है कि उन व्यवसायों को जिन्हें पहले $10,000 से कम का एडवांस हासिल हुआ है को टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए वरीयता मिलेगी जो उनके द्वारा प्राप्त राशि और $10,000 का अंतर अधिकतम होगा। वह व्यवसाय आवेदन पोर्टल पर ईमेल आमंत्रण हासिल करने वाला पहला समूह होंगे। दूसरा वरीयता समूह वह व्यवसाय हैं जिन्होंने EIDL सहायता के लिए 27 दिसम्बर, 2020 तक आवेदन किया है लेकिन उन्हें एडवांस नहीं मिला है। ख़ासकर, व्यवसाय इंटरनल रेवन्यू कोड के सेक्शन 45D(e) में जैसा परिभाषित है कम आय वाली कम्युनिटी में स्थित होना, पिछले वर्ष की तुलना में उसका 2 मार्च 2020 से 8-सप्ताह की अवधि के दौरान 30 प्रतिशत से अधिक आर्थिक क्षति होना और 300 या कम कर्मचारी होना आवश्यक है।
   - **सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस:** अमेरिकन रेस्क्यू प्लान अधिनियम अत्यंत-प्रभावित व्यवसायों और ग़ैर-लाभार्थी संस्थाओं को $5,000 के सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस भुगतान की अनुमति देता है। आवेदक जो सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए योग्य हो सकते हैं को अतिरिक्त योग्यता मानदंड को पूरा करना चाहिए। ख़ासकर, व्यवसाय इंटरनल रेवन्यू कोड के सेक्शन 45D(e) में जैसा परिभाषित है कम आय वाली कम्युनिटी में स्थित होना, पिछले वर्ष की तुलना मे� उसका 2 मार्च 2020 से 8-सप्ताह की अवधि के दौरान 50 प्रतिशत से अधिक आर्थिक क्षति होना और 10 या कम कर्मचारी होना आवश्यक है। सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस कुल $15,000 तक $10,000 टार्गेटेड EIDL एडवांस के अलावा है।

3. **SBA इन कार्यक्रमों के लिए ईमेल आमंत्रण कब भेजना शुरू करेगा?**

   1 फ़रवरी, 2021 से शुरू हो कर, SBA ने पहले उन EIDL आवेदकों से संपर्क किया जिन्हें पहले ही आंशिक EIDL एडवांस ($1,000 - $9,000 के बीच में) प्राप्त हुआ है। योग्यता निर्धारण और दस्तावेज़ जमा करने के निर्देशों के साथ

आवेदकों से SBA ने ईमेल द्वारा सीधे सीधे संपर्क किया। उसके बाद, SBA ने उनसे संपर्क करना शुरू किया जिन्होंने 27 दिसम्बर, 2020 को या पहले EIDL के लिए आवेदन किया लेकिन प्रोग्राम फंडिंग की कमी के कारण EIDL एडवांस प्राप्त नहीं हुआ। सभी आवेदकों को SBA से पात्रता निर्धारण और दस्तावेज़ जमा करने से संबंधित निर्देश वाले ईमेल मिलेंगे।

घबड़ाइए नहीं अगर आपको अभी तक कोई ईमेल आमंत्रण नहीं मिला है। आवेदन करने का निमंत्रण आपके मूल EIDL आवेदन से जुड़े प्राथमिक संपर्क ईमेल पते पर भेजा जाएगा।

**21 अप्रैल, 2021** से शुरू होने वाले सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस प्रोग्राम के लिए, SBA ने उन व्यवसायों को ईमेल आमंत्रण भेजना शुरू किया जिन्होंने टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए आवेदन दिया और जो सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए संभावित रूप से योग्य हैं। आमंत्रण में टार्गेटेड EIDL एडवांस पोर्टल का लिंक होता है जहाँ व्यवसाय अपने आवेदन सबमिट कर सकते हैं।

4. **मुझे मेल मिलने के बाद कौन से चरण मुझे लेने होंगे?**
उस प्रोग्राम की पात्रता मानदंड की समीक्षा करें जिसमें आप आवेदन (टार्गेटेड EIDL और/या सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस) कर रहे हैं आप इस FAQ मे "पात्रता" सेक्शन में प्रोग्राम मानदंड देख सकते हैं। साथ ही, SBA ने यह एक वेब-आधारित मैपिंग टूल सेटअप किया है जो यह निर्धारित करता है कि कोई व्यवसाय कम-आय कम्युनिटी में है या नहीं। वह मैपिंग टूल **sbaeidl.policymap.com/app**पर उपलब्ध है। हम सभी आवेदकों को प्रोत्साहित करते हैं कि वह अपना आवेदन सबमिट करने से पहले इस टूल का उपयोग करें। यदि आपका व्यवसाय इन तीनों मानदंडों को पूरा करता है तो आवेदन करने के लिए इन निर्देशों का पालन करें।

आवेदन जमा करने से पहले अपने बैंक खाता की जानकारी को दोबारा जांच लेना बेहद महत्वपूर्ण है। ग़लत या अधूरी जानकारी के कारण आपका अनुरोध स्वीकार नहीं हो सकता या सफलतापूर्वक आपका फंड जमा नहीं किया जा सकता है।

5. **क्या मुझे फिर से आवेदन देना होगा यदि मैंने पहले आवेदन किया है और EIDL एडवांस फंड की $10,000 की सीमा से कम प्राप्त किया है?**
**नहीं।** SBA सीधे सीधे उन EIDL आवेदकों से संपर्क करेगा जिन्होंने $10,000 अधिकतम से कम का एडवांस हासिल किया है। SBA ईमेल में व्यवसाय मालिकों के लिए निर्देश होंगे कि योग्यता निर्धारण करने के लिए SBA को आवश्यक जानकारी कैसे दें और किसी अतिरिक्त अनुदान राशि के लिए दस्तावेज़ कैसे जमा करें।

6. **यदि मैंने EIDL एडवांस या टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए $10,000 प्राप्त किया है तो क्या फिर भी मुझे सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस प्रोग्राम में अतिरिक्त फंड मिल सकते हैं?**

**हाँ।** योग्य सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस आवेदक पहले एडवांस से मिले पूरा $10,000 या टार्गेटेड EIDL एडवांस के अलावा $5,000 सप्लीमेंटल भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। SBA उन आवेदकों से संपर्क करेगा जो सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए योग्य हो सकता है।

7. **क्या मुझे EIDL के लिए दोबारा आवेदन करना चाहिए यदि मेरे पहले आवेदन से इंकार किया गया था क्योंकि मूल एडवांस फंड समाप्त हो गए थे?**
   **नहीं।** यहाँ, SBA उन आवेदकों तक पहुंच जाएगा, जिन्होंने 27 दिसंबर, 2020 से पहले SBA COVID-19 EIDL फंडिंग के लिए आवेदन किया था और जिन्हें कोई एडवांस फंड नहीं मिला था, क्योंकि सभी उपलब्ध अग्रिम फंड पहले ही समाप्त हो चुके थे। SBA के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए SBA जानकारी प्रदान करने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के तरीके के बारे में ईमेल के ज़रिए निर्देश भेजेगा।

8. **चूंकि मैं लक्षित EIDL एडवांस और/या सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए आवेदन करने के लिए SBA आमंत्रण की प्रतीक्षा में हूँ, तो इसके लिए ऐसी कौन सी चीज़े हैं जिनके लिए मई पहले से तैयारी कर सकता हूँ?**
   अगर आपने अभी तक अपना 2019 फेडरल टैक्स रिटर्न दाखिल नहीं किया है, तो आपको उस प्रक्रिया को पूरा चाहिए। आपको जनवरी 2019 के प्रत्येक महीने से लेकर सबसे हालिया महीने की तारीख तक के व्यवसाय की मासिक सकल रसीदें प्रदान करनी होगी। इस जानकारी का उपयोग यह निर्धारण करने के लिए किया जाएगा कि आपका व्यवसाय टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए आय आवश्यकता में 30 प्रतिशत कटौती और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस में 50 प्रतिशत कटौती को पूरा करता है।

9. **मुझे कौन से दस्तावेज़ीकरण देने होंगे?**
   कम आय वाले समुदाय मानदंडों को पूरा करने वाले आवेदकों को जनवरी 2019 के लिए सबसे हालिया महीने से आज तक की अवधि (प्राप्त मासिक आय के सभी प्रकार जैसे लाभ या वेतन) का सकल मासिक आय प्रदान करने के लिए कहा जाएगा ताकि टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए आय में 30 प्रतिशत की कटौती और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए 50 प्रतिशत कमी की पुष्टि की जा सके। SBA को आवेदकों की ओर से कर जानकारी का अनुरोध करने की अनुमति देने के लिए उन्हें IRS फॉर्म 4506-T पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर भी करना होगा। अमेरिकी क्षेत्रों में व्यवसाय करने के लिए कर सत्यापन प्रक्रिया और आवश्यकताएं भिन्न हो सकती हैं।

10. **मेरा व्यवसाय अमेरिकी क्षेत्र में स्थित है। SBA को हमसे किस तरह के दस्तावेज़ की आवश्यकता है?**
    **वर्जिन आइलैंड्स, अमेरिकन समोआ, गुआम और CNMI:** व्यवसायियों को आवेदन पोर्टल के माध्यम से SBA को एक ई-हस्ताक्षरित IRS फॉर्म 4506-T प्रदान करना होगा।
    **प्यूर्टो रिको:** SBA आवेदक को ईमेल के माध्यम से आवश्यक फॉर्म भेजेगा। कृपया फॉर्म को पूरा करें और इसे वापस SBA को भेजें।

11. **क्या मैं अपने आवेदन पर अपनी जानकारी (डाक पता, ईमेल पता, फ़ोन नंबर, बैंक खाता जानकारी और/या EIN) अपडेट कर सकता/सकती हूँ?**
    **हाँ।** आपको अपना आवेदन जमा करते समय इस जानकारी को अपडेट करने का अवसर मिलेगा। आपको निम्नलिखित दस्तावेज़/जानकारी देने की ज़रूरत हो सकती है। कृपया नोट करें कि यदि दस्तावेज़ या जानकारी SBA अधिकारी द्वारा अनुरोधित है तो हम अनुरोध किए गए दस्तावेज़ या जानकारी के बिना आवेदन में बदलाव नहीं कर पाएंगे।

12. **मुझसे मेरे आवेदन में ग़लती हो गयी, क्या मैं दोबारा मूल्यांकन का अनुरोध कर सकता हूँ?**
    **हाँ।** टार्गेटेड EIDL एडवांस या सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए अस्वीकृत आवेदन के दोबारा मूल्यांकन चाहने वाले आवेदको को TargetedAdvanceReevaluation@sba.govपर ईमेल भेजना चाहिए। SBA इसकी पूरज़ोर अनुशंसा करता है कि आवेदक आवेदन के जमा करने से पहले सटीकता के लिए जानकारी का अच्छे से समीक्षा करें।

13. **क्या मुझे मेरे द्वारा आवेदन जमा करने के बाद ईमेल पुष्टि प्राप्त होगी?**
    **नहीं।** SBA इसके लिए बहुत अधिक प्रोत्साहित करता है कि आप सबमिशन नंबर जो पुष्टिकरण पेज पर दिखाई देता है उसे सुरक्षित कर लें। इसके अलावा, आपके आवेदन पोर्टल को आपके सबमिशन की स्थिति को दिखाना चाहिए।

14. **मैंने टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए आवेदन किया लेकिन मुझे अब तक स्थिति का अपडेट प्राप्त नहीं हुआ [या] मुझे पोर्टल में आवेदन की स्थिति नहीं दिखाई दे रहा।**
    टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए आपके आवेदन पर अभी प्रक्रिया हो रही है। आपको आने वाले सप्ताहों में आवेदन की स्थिति का ईमेल अधिसूचना मिलेगा। हम देरी क� लिए माफ़ी चाहते हैं लेकिन हम टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए जल्द से जल्द उन अनुरोधों की प्रोसेसिंग कर रहे हैं।

15. **मेरा खाता लॉक हो गया है। मैं आगे कैसे बढ़ूं?**
    पहले, अपना पासवर्ड रिसेट करने का प्रयास करें क्योंकि यह अकाउंट लॉक का सबसे सामान्य कारण है।
    यदि वह काम नहीं करता है तो SBA के ग्राहक सेवा केंद्र से 1-800-659-2955 पर या ईमेल से इस पर संपर्क करें: TargetedAdvance@sba.gov

16. **मुझे पोर्टल पर मेरा आमंत्रण नहीं मिल रहा/मैंने अपना आमंत्रण मिटा दिया। क्या SBA नया आमंत्रण मुझे भेज सकता है?**
    **हाँ।** व्यवसाय मालिक नया आमंत्रण का अनुरोध करने के लिए SBA के ग्राहक सेवा केंद्र से 1-800-659-2955 पर या ईमेल से TargetedAdvance@sba.gov पर संपर्क कर सकते हैं। कृपया नोट करें कि इस प्रक्रिया में कई कारोबारी दिन लग सकते हैं।

## काम-आय वाला मैपिंग टूल (टार्गेटेड EIDL एडवांस और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए लागू)

17. **मुझे कैसे मालूम हो सकता है कि मैं कम-आय कम्युनिटी में हूँ?**
SBA के पास आसानी से उपयोग होने वाला एक वेब-आधारित मैपिंग टूल है जो यह निर्धारित करता है कि आपका व्यवसाय कम-आय कम्युनिटी में है या नहीं। वह मैपिंग टूल sbaeidl.policymap.com/app पर उपलब्ध है। हम सभी आवेदको� को प्रोत्साहित करते हैं कि वह अपना आवेदन सबमिट करने से पहले इस टूल का उपयोग करें।

18. **यदि मैं SBA वेब आधारित काम-आय मैपिंग टूल का उपयोग करके सहायता चाहूं तो क्या कोई मेरी सहायता कर सकता है?**
**हाँ।** व्यवसाय मालिक इस टूल को नेविगेट करने में सहायता के लिए SBA के सहायता सेवा केंद्र से 1-800-659-2955 पर संपर्क कर सकते हैं।

19. **कम-आय मैपिंग टूल का आवेदन में कैसे पढ़ूं?**
कम-आय मैपिंग टूल उपयोग में आसान है। sbaeidl.policymap.com/app पर जाएं और मैप के ऊपर खोज बार में अपना पता डालें। सर्वोत्तम परिणामों के लिए, पूरा पता (गली का पता, शहर, राज्य और ज़िप कोड) डालें। पता मिलने के बाद मैप पर उस पोज़ीशन को दिखाता हुआ पिन लग जाएगा।

यदि आप वास्तविक पता (उदा.: पूरा स्ट्रीट पता के बजाए देहाती रास्ते या पी.ओ. बॉक्स ) नहीं ढूंढ पाए तो आप लोकेशन खोज बार में ज़िप कोड दर्ज कर सकते हैं और फिर उस एरिया में ज़ूम कर सकते हैं।
जनगणना क्षेत्र जिनकी पहचान “कम-आय कम्युनिटी” के तौर पर होती हैं मैप पर गहरे बैगनी रंग से रंगे होते हैं।

मैप पर किसी लोकेशन पर माउस ले जाते समय, इन्फ़ो बबल इस आधार पर “हाँ” या “नहीं” प्रदर्शित करेगा कि अंतर्निहित जनगणना क्षेत्र की पहचान “कम-आय कम्युनिटी” के तौर पर होती है या नहीं।
एक ख़ास जनगणना क्षेत्र की अधिक जानकारी देखने के लिए मैप पर क्लिक करें। विस्तृत इन्फ़ो बबल योग्यता (जैसे ग़रीबी दर, मेट्रो एरिया की प्रतिशत के तौर पर जनगणना क्षेत्र का मध्यम पारिवारिक आय (MFI) या राज्यवार MFI, इत्यादि) को निर्धारित करने के लिए उपयोग होने वाले अंतर्निहित इंडीकेटर्स को दिखाएगा।

20. **कम-आय मैपिंग टूल के अनुसार, मेरा व्यवसाय कम-आय एरिया में स्थित है। मुझे मेरा फंड कब मिलेगा?**
व्यवसाय जो योग्य हो सकते हैं दो वरीयता समूहों में बांटे जाते हैं। नए लक्षित EIDL अग्रिम के लिए आवेदन करने के लिए आवेदकों को SBI से एक ईमेल आमंत्रण प्राप्त होने तक इंतजार करना होगा। वैसे व्यवसाय जिन्हें पिछले एडवांस में $10,000 से कम की राशि प्राप्त हुई को टार्गेटेड EIDL एडवांस का आवेदन करने के लिए पहली प्राथमिकता मिलेगी और आवेदन पोर्टल पर ईमेल आमंत्रण प्राप्त करने वाला पहला समूह होगा। दूसरा वरीयता समूह वह व्यवसाय हैं जिन्होंने EIDL सहायता के लिए 27 दिसम्बर, 2020 तक आवेदन किया है लेकिन उन्हें EIDL एडवांस नहीं मिला है। व्यक्तिगत तौर पर जिन लोगों ने 27 दिसम्बर, 2020 के बाद EIDL सहायता के लिए आवेदन

किया है उन्हें टार्गेटेड EIDL एडवांस से संबंधित नीति में बदलाव के लिए sba.gov/relief देखना चाहिए।

दोनों ही स्थितियों में, व्यवसायों को कम-आय कम्युनिटी में रहने के अलावा कुछ ख़ास मानदंड पूरा करना आवश्यक है और ख़ास कर **उन्हें टार्गेटेड EIDL और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए आवेदन करना आवश्यक है** (मानदंड पर अतिरिक्त जानकारी के लिए प्र. 2 देखें)। **एडवांस फंड बिना आवेदन के नहीं दिया जाएगा।**

21. **कम-आय मैपिंग टूल के अनुसार, मेरा व्यवसाय कम-आय एरिया में स्थित नहीं है। मैं क्यों योग्य नहीं हूँ/यह डेटा कहाँ से आता है?**
काम-आय कम्युनिटी योग्यता मानदंड वैधानिक रूप से यूनाइटेड स्टेट्स कोड के टाइटल 26, सेक्शन 45D, सबपैराग्राफ़ (e) द्वारा परिभाषित है। यदि जनगणना क्षेत्र मे स्थित कोई व्यवसाय उस सेक्शन में लिखित किसी एक मानदंड को भी पूरा कर रहा है तो यह "कम-आय कम्युनिटी" के अंदर माना जाता है।

सभी 50 संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्यों, प्यूर्टो रिको और कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट के लिए डेटा को 2015-2019 यू.एस. जनगणना ब्यूरो के अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे से सोर्स किया गया था जो हर 10 साल पर होने वाले जनगणना के बाहर सबसे अप-टू-डेट जनगणना क्षेत्र का डेटा प्रदान करता है।

22. **मुझे एक टूल/वेबसाइट/रिसोर्स मिला जिसके अनुसार मेरा व्यवसाय कम-आय कम्युनिटी में स्थित है लेकिन आपके टूल के अनुसार यह नहीं है। वह अलग क्यों हैं?**
SBA उपरोक्त (प्र. 20 में) में लिखे यूनाइटेड स्टेट्स कोड में लिखित कम-आय कम्युनिटी की परिभाषा का उपयोग करता है SBA हमारे कम-आय मैपिंग टूल का उपयोग करके यह निर्धारित करता है कि आपका व्यवसाय कम-आय कम्युनिटी में स्थित है या नहीं जिसे यू.एस. जनगणना ब्यूरो और इसकी रिपोर्ट से प्राप्त डेटा का उपयोग करके विकसित किया गया था।

23. **किन डेटा का उपयोग कम-आय कम्युनिटी टूल के लिए किया जाता है?**
सभी 50 संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्यों, प्यूर्टो रिको और कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट के लिए डेटा को 2015-2019 यू.एस. जनगणना ब्यूरो के अमेरिकन कम्युनिटी सर्वे से उपरोक्त निर्धारण को बनाने के लिए जब तक अन्यथा न कहा जाए, सोर्स किया गया था। जनगणना ACS दशक में होने वाले जनगणना से बाहर का सबसे अप-टू-डेट जनगणना क्षेत्र का डेटा उपलब्ध कराता है। 2015-2019 जनगणना ACS डेटा यू.एस. जनगणना ब्यूरो द्वारा दिसम्बर 2020 में रिलीज़ किया गया था। अमेरिकी समोआ, गुआम, उत्तरी मारियाना द्वीप समूह राष्ट्रमंडल और अमेरिकी वर्जिन द्वीप समूह में स्थित जनगणना क्षेत्रों के लिए ACS डेटा क्षेत्र के स्तर पर उपलब्ध नहीं हैं। इसीलिए, इन स्थानों के लिए 2010 के दस वर्षीय जनगणना डेटा का उपयोग किया जाता है।

24. **मेरे पास एक से अधिक व्यवसाय हैं, क्या मुझे मेरे हर व्यवसाय के लिए अनुदान राशि मिल सकता है?**
अन्य पात्रता मानदंड को पूरा करने के अलावा, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपका व्यवसाय यूनिक फ़ेडरल टैक्स आईडी नंबर/EIN के साथ स्वतंत्र निकाय है या नहीं। ख़ास कर, SBA व्यावसयिक संस्था के ही आधार पर आवेदनों की समीक्षा करता है। हर व्यावसायिक संस्था आपदा सहायता के लिए लागू होने का पात्र है। यदि कोई व्यक्ति दो अलग-अलग राइड शेयरिंग कंपनी चला रहा है लेकिन वह व्यक्ति केवल एक ही एडवांस के लिए पात्र होगा क्योंकि वह व्यक्ति मुख्य मालिक (एक व्यावसायिक संस्था) के तौर पर आवेदन कर रहा है बशर्ते कि वह अन्य योग्यता के मानदंड को पूरा कर रहे हों।

25. **मेरा व्यवसाय कम-आय के क्षेत्र में स्थित नहीं है। क्या मुझे फिर भी आवेदन करना चाहिए?**
वैसे व्यवसाय टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए सीधे सीधे आवेदन नहीं कर सकते; आवेदन केवल उन व्यवसायों के लिए उपलब्ध हैं जो विशेष मानदंड को पूरा करते हैं (विवरण के लिए प्रश्न 1 “क्या मैं अभी आवेदन कर सकता/सकती हूँ” देखें)
लेकिन, COVID-19 के चलते नुकसान वाले व्यवसाय अभी भी **आर्थिक क्षति आपदा ऋण (EIDL)** के लिए आवेदन कर सकते हैं, अगर उन्होंने ऐसा पहले से नहीं किया है। ऋण कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी www.sba.gov/coronavirusrelief पर देखी जा सकती है।

## पात्रता

26. **EIDL सहायता के लिए आवेदन करने बाद मेरा व्यवसाय स्थनांतरित हुआ है। क्या मैं टार्गेटेड EIDL एडवांस या सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए अब भी योग्य हूँ?**
SBA आपके पते की पुष्टि करने के लिए सीधे संपर्क करेगा। यदि आपका पता बदल गया है, तो SBA स्थान की पुष्टि करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज़ीकरण के लिए अनुरोध करेगा। एक बार स्थान की पुष्टि हो जाने के बाद, SBA यह सुनिश्चित करेगा कि क्या स्थान कम आय वाले समुदाय के अन्तर्गत है।

27. **नए लक्षित EIDL अग्रिम के लिए कौन योग्य है?**
योग्य होने के लिए, व्यवसायों और गैर-लाभार्थी संस्थाओं को निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना आवश्यक है:
    a. टाइटल 26 यू.एस. कोड, सेक्शन 45D(e) द्वारा परिभाषित कम-आय कम्युनिटी में स्थित हो;
    b. पिछले वर्ष की तुलना में, 2 मार्च, 2020 से 8-सप्ताह की अवधि के दौरान 30 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक क्षति हुई हो;
    c. 300 या कम कर्मचारी हों; और
    d. EIDL में लागू अन्य पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करता हो।

28. **सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए कौन योग्य है?**
    योग्य होने के लिए, व्यवसायों और गैर-लाभार्थी संस्थाओं को निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना आवश्यक है:
    a. टाइटल 26 यू.एस. कोड, सेक्शन 45D(e) द्वारा परिभाषित कम-आय कम्युनिटी में स्थित हो;
    b. पिछले वर्ष की तुलना में, 2 मार्च, 2020 से 8-सप्ताह की अवधि के दौरान 50 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक क्षति हुई हो;
    c. 10 या कम कर्मचारी हों; और
    d. EIDL में लागू अन्य पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करता हो।

29. **मैंने पिछले साल EIDL के लिए आवेदन किया था, लेकिन एडवांस के लिए बॉक्स को चिन्हित नहीं किया और आखिरकार EIDL नहीं लेने का फैसला किया। क्या मुझे अभी भी टार्गेटेड EIDL एडवांस के लिए विचार किया जाएगा?**
    हाँ। कानून के अनुसार, SBA को उन व्यवसायों को पहली प्राथमिकता देना ज़रूरी है जिन्होंने पिछले EIDL एडवांस में $10,000 से कम प्राप्त किया है। दूसरी प्राथमिकता उन व्यवसायों को है जिन्होंने 27 दिसंबर, 2020 तक EIDL सहायता के लिए आवेदन किया, लेकिन उन्हें मूल EIDL एडवांस प्राप्त नहीं हुआ। दूसरी प्राथमिकता समूह में वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने एडवांस के लिए बॉक्स चिन्हित नहीं किया।

30. **हमने 2019 फेडरल टैक्स रिटर्न नहीं भरा है। क्या मैं अभी भी योग्य हूँ?**
    नहीं, टार्गेटेड EIDL और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए पात्रता के लिए IRS के साथ 2019 का फेडरल टैक्स रिटर्न दायर करना आवश्यक है ताकि यह पुष्टि की जा सके कि आपका व्यवसाय आय आवश्यकता में कमी को पूरा करता है। आवेदकों को ध्यान देना चाहिए कि 2019 फेडरल टैक्स रिटर्न को SBA द्वारा विचार किए जाने के लिए IRS को प्रोसेस करने की ज़रूरत नहीं है; हालांकि आवेदकों को टार्गेटेड EIDL और सप्लीमेंटल एडवांस दोनों के लिए 2019 फेडरल टैक्स रिटर्न दाखिल करना होगा।

31. **क्या कृषि प्रतिष्ठान (कृषि व्यवसाय) नए टार्गेटेड EIDL एडवांस और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस कार्यक्रम के लिए पात्र हैं?**
    **नहीं।** टार्गेटेड EIDL एडवांस के तहत, अधिकांश कृषि प्रतिष्ठान पात्र नहीं हैं। कृषि प्रतिष्ठानों में खाद्य और फाइबर के कानूनी उत्पादन, पशुपालन, और पशुधन को बढ़ावा में लगे व्यवसाय और अन्य सभी खेती और कृषि संबंधी उद्योग (जैसा कि लघु व्यवसाय अधिनियम (15 U.S.C. 647 (b) की धारा 18 (b) द्वारा परिभाषित है) शामिल हैं। 647(b)). कृषि प्रतिष्ठान जो गैर-कोविड EIDL के लिए पात्र हैं, वे टार्गेटेड EIDL एडवांस और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस के लिए भी पात्र हैं। इनमें जलीय कृषि व्यवसाय, कृषि सहकारी समितियां और खुदरा नर्सरी शामिल हैं।

32. **अन्य प्रकार के कौन से व्यवसाय योग्य नहीं हैं?**
अयोग्य व्यवसायों के कुछ उदाहरणों में गैरकानूनी गतिविधियों, ऋण पैकेजिंग, सट्टा, मल्टी-सेल डिस्ट्रीब्यूशन, जुआ, निवेश या उधार शामिल हैं।

## कार्यक्रम मानदंड

33. **क्या मुझे प्राप्त किसी भी टार्गेटेड EIDL एडवांस या सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस की धनराशि चुकानी होगी?**
**नहीं।** CARES अधिनियम के तहत एडवांस धनराशि के रूप में, इन एडवांस धनराशि को चुकाया नहीं जाना है।

34. **टार्गेटेड EIDL एडवांस और सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस कार्यक्रमों से मेरा व्यवसाय कितना प्राप्त कर सकता है?**
व्यवसाय अधिकतम $10,000 एडवांस और टार्गेटेड EIDL एडवांस में धन प्राप्त कर सकते हैं। इसमें पहले से प्राप्त कोई भी अग्रिम फंड और लक्षित EIDL अग्रिम शामिल है। कुछ योग्य व्यवसाय सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस कार्यक्रम से अतिरिक्त $5,000 प्राप्त कर सकते हैं।

35. **मैं फंड का किस काम के लिए उपयोग कर सकता/सकती हूं?**
टार्गेटेड EIDL एडवांस और सप्लीमेंटल टारगेटेड एडवांस फंड का उपयोग कामकाजी पूंजी और सामान्य परिचालन व्यय के लिए किया जा सकता है जो कि हो सकता था अगर आपदा नहीं हुई होती। इनमें स्वास्थ्य देखभाल लाभ, किराया, यूटिलिटी और फिक्स्ड ऋण भुगतानों को जारी रखना (लेकिन इन तक ही सीमित नहीं है) शामिल हैं।

36. **एक बार मेरी जानकारी SBA को सबमिट करने के बाद मेरे फंड को प्राप्त करने में कितना समय लगेगा?**
SBA द्वारा सभी अनुरोधित दस्तावेज़ प्राप्त करने के बाद हम जानकारी को प्रोसेस करेंगे और जितनी जल्दी हो सके कोई अतिरिक्त धनराशि जारी करेंगे। SBA का लक्ष्य पूर्ण आवेदन प्राप्त करने के 21 दिनों के भीतर सभी अनुरोधों को प्रोसेस करना है। आवेदन से संबंधित सभी निर्णय ईमेल के ज़रिए दिए जाएँगे।

37. **मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे स्वीकृत कर लिया गया है?**
यदि आपका अनुरोध स्वीकृत हो जाता है, तो आपको ईमेल से सूचना मिलेगी और आपके आवेदन पर प्रदान किए गए बैंक खाते में स्वयं ही राशि जमा हो जाएगी। यदि आपका अनुरोध अस्वीकार कर दिया जाता है, तो आपको ईमेल से अस्वीकृती के कारण के बारे में सूचना प्राप्त होगी। कृपया ध्यान दें कि यदि आपने टार्गेटेड EIDL और सप्लीमेंटल एडवांस दोनों के लिए आवेदन किया है, तो यदि आपके आवेदन को अस्वीकार कर दिया गया है, तो आपको अलग-अलग ईमेल सूचनाएं प्राप्त होंगी।

38. **क्या टार्गेटेड EIDL एडवांस या सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस धन जो मुझे प्राप्त होगा, उसे मेरे पेचेक प्रोटेक्शन प्रोग्राम (पीपीपी) ऋण माफी राशि से घटाया जाएगा?**
**नहीं।** बाद के क़ानून में उस आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है।

39. **SBA "सकल प्राप्तियों" को कैसे परिभाषित करता है?**
सकल रसीदों में पूरा राजस्व शामिल है, वह चाहे किसी भी स्त्रोत से किसी भी रूप में प्राप्त या उपार्जित हो (तत्व की लेखांकन विधि के अनुरूप), जिसमें रिटर्न और भत्तों द्वारा घटाए गए उत्पादों या सेवाओं की बिक्री, ब्याज, लाभांश, किराया, रॉयल्टी, शुल्क या कमीशन का स्त्रोत आवेदक के व्यसाय के लिए शामिल है।

40. **व्यवसाय मालिकों को इन कार्यक्रमों के बारे में अतिरिक्त प्रश्नों के लिए किससे संपर्क करना चाहिए?**
व्यवसाय मालिक 1-800-659-2955 पर SBA के ग्राहक सेवा केंद्र या TargetedAdvance@sba.gov पर ईमेल से संपर्क कर सकते हैं यदि उनके पास टार्गेटेड EIDL एडवांस या सप्लीमेंटल टार्गेटेड एडवांस कार्यक्रमों के बारे में प्रश्न हैं।

**अतिरिक्त अपडेट यहाँ उपलब्ध हैं:**
**sba.gov/relief**